केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केंद्र, 2, समुदाय केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली -110301


# नामिका सूचना

बोर्ड कार्यालय प्रयोग के लिए विभिन्न प्रकार के फ़र्नीचर की आपूर्ति करने हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए दर संविदा पर नामिका के प्रयोजन हेतु विभिन्न फर्नीचर सामान की प्रतिष्ठित विनिर्माताओं से आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक एजेंसियां वेबसाईट www.cbse.nic.in से दस्तावेज डाउन लोड कर सकती हैं।

संयुक्त सचिव (प्रशा.एवं विधि)

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केंद्र, 2, समुदाय केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली -110301

## **<u>फ़र्नीचर की आपूर्ति करने हेतु बोलीकर्ता की नामिका</u>**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षा केंद्र, 2, समुदाय केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली -110301, एक राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त निकाय है । बोर्ड दिल्ली मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए नियमित आधार पर इसके विभागों/कार्यालय भवन के लिए बड़ी संख्या में फर्नीचर सामान खरीदता है । ऐसे सामान की पिछले तीन वर्षों में औसत खरीददारी लगभग 50 लाख रुपये प्रति वर्ष है । वर्तमान में, बोर्ड में 10 क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, पंचकूला, इलाहाबाद, पटना, देहरादून, दिल्ली, चेन्नै, भुवनेश्वर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में स्थित है । अपनी फर्नीचर आवश्यकताओं को **<u>अधीमानत: दिल्ली क्षेत्र में</u>** पूरा करने के लिए बोर्ड अनुभवी, तकनीकी और वित्तीय रुप से समर्थ कार्यालय फर्नीचर सामान और मोड्युलर फर्नीचर सामान में कारोबार करने वाली फर्नीचर निर्माता कम्पनियों से बोर्ड, प्रीत विहार, दिल्ली -110301 के साथ एक वर्ष की अवधि के लिए जिसे अन्य दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है जो फर्म के निष्पादन पर निर्भर है, दर संविदा आरम्भ करने के लिए मोहरबंद आवेदन आमंत्रित हैं ।

इच्छुक कम्पनियां अपने मोहरबंद प्रस्ताव जिस पर " फर्नीचर सामान के लिए दर संविदा का प्रस्ताव/नामिका" लिखा हो, सहायक सचिव (प्रशा-2), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली - 110301" को दिनांक **25.02.2016** अपराह्न **2:30** बजे तक प्रस्तुत कर सकती हैं । सभी तरह से पूर्ण आवेदन लिफाफे में रखकर भूतल (स्वागत पटल), सीबीएसई कार्यालय, प्रीत विहार, दिल्ली में रखी निविदा पेटी में प्राप्त हो जाना/डालना चाहिए । अपूर्ण/सशर्त/विलम्बित आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे । सभी फार्म फर्म की मोहर के साथ विधिवत हस्ताक्षरित होने चाहिएं । "सहायक सचिव (प्रशा-2), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षा केंद्र, 2, समुदाय केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली -110301" को संबोधित आवेदन स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक/साधारण डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित किए जाएं और दिनांक **25.02.2016** अपराह्न 2.30 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिएं । देय तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**<u>सामान्य निबंधन एवं शर्तें</u>**

1. दर संविदा प्रस्ताव केवल प्रतिष्ठित फ़र्नीचर विनिर्माता फर्मों से स्वीकार किए जाएंगे । फर्म **राज्य/केंद्र सरकार एजेंसी/डीजीएसएंडडी** के साथ पंजीकृत होनी चाहिए और न्यूनतम तीन वर्षों के लिए विद्यमान होना चाहिए ।
2. संविदा पूरा करने विशेषकर कुशल एवं अवसंरचना कार्मिक, उपस्कर तथा निर्माण सुविधाओं के संबंध में कम्पनी की क्षमता सुदृढ़ होनी चाहिए ।
3. फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी का औसत वार्षिक टर्न ओवर पिछले तीन वर्ष के लिए 03 करोड़ से कम का नहीं होना चाहिए (प्रमाण संलग्न करना है) ।
4. फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी के पास पूरे देश में लागू सभी उत्पादों की एक मानक कीमत सूची होनी चाहिए। इसे संविदा आवेदन के साथ विधिवत हस्ताक्षरित एवं स्टाम्प सहित प्रस्तुत करना चाहिए।
5. विनिर्माता कम्पनी के पास दिल्ली/एनसीआर के अंदर कम से कम एक डीलर/वितरक/सेवा केंद्र होना चाहिए।
6. कम्पनी के पास तकनीकी रूप से योग्य मानवशक्ति उपलब्ध होनी चाहिए और सेवा के लिए प्रतिक्रिया समय दो कार्य दिवस के अंदर होना चाहिए (रविवार/छुट्टी को छोड़कर)।
7. फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी के पास  बोर्ड की तुलना में कम से कम तीन सरकारी शैक्षिक संस्थानों के साथ वैध दर संविदाएं सफलतापूर्वक निष्पादित करने का अनुभव होना चाहिए । **दर संविदा की प्रति दस्तावेजों के साथ संलग्न करनी चाहिए ।**
8. फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी को किसी सरकारी/अर्ध सरकारी/बोर्ड/निगमों/स्वायत्त निकाय द्वारा बहिष्कृत नहीं किया गया होना चाहिए। **फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना है ।**
9. फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी के पास गुणवत्ता एवं सुरक्षा से संबंधित प्रचलित प्रमाणन  होना चाहिए जो अधिकांश प्रतिष्ठित ब्रांड फ़र्नीचर विनिर्माताओं के पास होता है, जैसे - **ISO-9001, ISO 14001, BIFMA .(प्रमाण पत्र संलग्न करना है)**
10. पर्यावरण **अनुकूल-हरित फर्नीचर बनाने वाली फर्मो को वरीयता दी जाएगी ।**
11. **हमारी आवश्यकताओं के लिए फर्नीचर सामान की सम्पूर्ण श्रृंखला रखने वाली कम्पनी को वरीयता दी जाएगी, जैसे: कार्यालय फर्नीचर, मोड्डुलर फर्नीचर आदि ।**
12. **संविदा अवधि के लिए फर्नीचर लेआउट ड्राईंग/फर्नीचर का डिजाइन बिना अतिरिक्त कीमत के बोर्ड को उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संविदा अधीन फर्म का होगा ।**
13. **संविदा एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी जिसे अन्य दो वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है जो फर्म के संतोषजनक निष्पादन पर निर्भर होगा ।**
14. चयनित फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी को संविदा आरम्भ करने से पूर्व संविदा की अवधि के लिए सार्वजनिक क्षेत्र/राष्ट्रीयकृत बैंक से **"सचिव सीबीएसई के नाम दिल्ली में देय" रु. 03 लाख (तीन लाख रुपये) का बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में निष्पादन प्रतिभूति** प्रस्तुत करनी होगी। निष्पादन प्रतिभूति संविदा के संतोषजनक निष्पादन के बाद मुक्त की जाएगी ।

15. **फर्म को वचन प्रस्तुत करना होगा कि वह भारत में किसी शैक्षिक बोर्ड को फर्नीचर सामान (बोर्ड के साथ संविदा अधीन) पेश की गई दर से कम दर पर बिक्री नहीं करेगी। यदि फर्म ऐसा करने में असफल रहती है तो बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित जुर्माना लगाते हुए संविदा तत्काल रद्द कर दी जाएगी।**
16. **यदि फर्म संविदा की निबंधन एवं शर्तों का पालन नहीं करती अथवा समय पर माल की आपूर्ति नहीं करती है अथवा घटिया माल की आपूर्ति करती है अथवा बोर्ड को बिक्री** बाद **सेवा देने में असमर्थ रहती है अथवा कोई गलत घोषणा करती है तो, संविदा समाप्त कर दी जाएगी । ऐसी स्थिति में इस उद्देश्य हेतु गठित समिति द्वारा फर्म पर जुर्माना लगाया जाएगा और जुर्माना राशि की कटौती फर्म द्वारा दी गई निष्पादन प्रतिभूति से की जाएगी ।**
17. **फर्मों की प्रारम्भिक समीक्षा के बाद, आधारिक न्यूनतम मानदण्ड को पूरा करने वाली फर्मों को अंतिम मूल्यांकन से पहले बोर्ड की समिति को प्रस्तुतीकरण देने के लिए बुलाया जाएगा ।**
18. **तकनीकी मूल्याकंन के लिए गठित समिति द्वारा आमंत्रित आवेदनों के मूल्याकंन के बाद संविदा एकल अथवा अधिक फर्मों को पेश की जाएगी ।**
19. संविदा प्रस्ताव के मूल्याकंन के लिए मानदण्ड केवल पेश की गई छूट पर आधारित है । प्रस्ताव के लिए मूल्याकंन व्यापक रूप से प्रत्यय-पत्र, निर्माण क्षमता, गुण्वत्ता नियंत्रण प्रणाली, वित्तीय पृष्ठ भूमि, डीलर/वितरक नेटवर्क, पिछले निष्पादन, बिक्री बाद सेवा, फर्म द्वारा तैयार फर्नीचर सामान की श्रृंखला, अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ फर्मों की दर संविदा और सूचीबद्ध दर सूचीपर फर्म द्वारा प्रस्तुत प्रतिशतता छूट इत्यादि पर आधारित है (मूल्यांकन मानदण्ड अनुबंध-1 में दिया गया है) ।
20. फर्म प्रतिशतता **छूट प्रस्तुत करेगी, यदि वह सूचीबद्ध मूल्य पर** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रीत विहार, दिल्ली -110301 को पेश करने की इच्छुक हो । इसे एक अलग मोहरबंद लिफाफे में दिया जाएगा जिस पर " **सूचीबद्ध मूल्य सूची पर पेश छूट " लिखा हो ।**
21. संविदा **का असामयिक समापन: सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विक्रेता की संविदा का असामयिक समापन किया जा सकता है यदि विक्रेता आपूर्ति आदेश के प्रति अथवा इसके निष्पादन अथवा असमर्थता के कारण गैर प्रतिक्रियाशील हो जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-**
   **(क) विक्रेता आदेश को पूरा करने में असमर्थ हो।**
   **(ख) विक्रेता दिवालिया हो गया हो अथवा सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी के मामले में इसकी वित्तीय स्थिति अस्थिर हो गई हो ।**
   **(ग) आदेश को पूरा करने में असमर्थ रहने की स्थिति में संविदा के असामयिक समापन के मामले में, आदेशित मूल्य के 2% के समान राशि फर्मों की निष्पादन प्रतिभूति से जब्त की जाएगी।**
22. **संविदा का नवीनीकरण:-** संविदा का नवीनीकरण समिति की रिपोर्ट और विक्रेताओं के निष्पादन के आधार पर आगे एक वर्ष की अवधि (एक और वर्ष के लिए विस्तार योग्य) के लिए किया जाएगा । नवीनीकरण चाहने वाली फर्म संविदा की वैधता के समापन से तीन माह पूर्व एक नया आवेदन प्रस्तुत करेगी ।

23. संविदा केवल उन फर्नीचर सामान के लिए वैध होगी जो **डीजीएस एण्ड डी** दर संविदा (फर्म के) के तहत नहीं आता है, यदि डीजीएस एण्ड डी के साथ कोई ऐसी दर संविदा विद्यमान हो ।

24. **विवाद के मामले में अधिकार क्षेत्र:** दिल्ली उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय । यह संविदा दिल्ली में राज्य क्षेत्र अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालय के कानूनी अधिकार क्षेत्र के अधीन होगी।

25. फर्नीचर की आपूर्ती आपूर्ती आदेश के प्राप्त होने के 3-4 सप्ताह के अन्दर करनी होगी, किंतु विशिष्ट रूप से निर्मित माल के लिए अवधि का उल्लेख ऐसे सामान के लिए जारी आदेशों में किया जाएगा ।

26. आपूर्ती आदेश इस कार्यालय द्वारा अनुमोदित मूल्य सूची के आधार पर जारी किए जाएंगे । इसके लिए फर्म अपनी अनुमोदित मूल्य सूची/डीजीएस एण्ड डी दर संविदा (उचित बाण्ड फार्म में) की 5 प्रतियां प्रस्तुत करेंगी जिसे मांगकर्ता कार्यालय को आगे भेजने के लिए इस कार्यालय द्वारा प्रमाणित किया जाएगा । इंडेंट करने वाले अधिकारी समरूप विनिर्देशनों वाले माल के लिए फर्मों की दरों की तुलना करने के बाद आदेश भेजेंगे ।

27. भेजे गए सामान के लिए सेवाएं प्राधिकृत डीलर/सेवा प्रदाता के द्वारा 10 कार्य दिवस के अंदर दी जाएंगी ।

28. सूचना: इस दस्तावेज के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण में उल्लिखित नियमों और शर्तों को अंतिम रूप में माना जाएगा।

# फ़र्नीचर विनिर्माता कम्पनी के लिए मूल्यांकन मानदण्ड

| क्र.स. | मानदण्ड |
|---|---|
| 01 | फर्म का परिचय (अनुबंध-1) |
| 02 | फर्म की वित्तीय पृष्ठभूमि ( पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरणों पर आधारित) |
| 03 | बोर्ड की आवश्यकता अनुसार फर्नीचर उत्पादों की किस्मों को डिजाइन और निर्माण करने की क्षमता जैसे: कार्यालय फर्नीचर, मोडुलर फर्नीचर आदि |
| 04 | दिल्ली में फर्म के प्राधिकृत डीलर/वितरक/सेवा केंद्र की उपलब्धता और बिक्री के बाद सेवा की क्षमता जैसे- डीलर/वितरक/सेवा केंद्र में मानवशक्ति की उपलब्धता (प्रमाण संलग्न करना है ) |
| 05 | **सूचीबद्ध मूल्य पर फर्म द्वारा पेश छूट प्रतिशतता** |
| 06 | बोर्ड की तुलना में अन्य शैक्षिक बोर्ड/सरकारी एजेंसियों के साथ समरूप दर संविदा की उपलब्धता (प्रमाण संलग्न करना है ) |
| 07 | **पर्यावरण अनुकूल हरित उत्पादों की** उपलब्ध **श्रृंखला** (प्रमाण संलग्न करना है ) |
| 08 | गुणवत्ता और सुरक्षा संबंधित/फर्म का प्रमाणन सहित फर्म की निर्माण क्षमता, तकनीकी मानवशक्ति तथा गुनवत्ता नियंत्रण प्रणाली **( फर्म को समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण देना है )** |
| 09 | गुणवत्ता एवं सुरक्षा प्रमाणन जैसे - **ISO-9001, ISO 14001, BIFMA की** उपलब्धता **(प्रमाण पत्र संलग्न करना है)** |

अनुबंध-1

## 'फर्नीचर की आपूर्ति हेतुफर्म का परिचय प्रपत्र '

| 1. | फर्म के बारे में | |
|---|---|---|
| | क) फर्म का नाम तथा पूरा पता: | |
| | ख) फोन नं0: | |
| | ग) फार्म का प्रकार (एकायत्त/कम्पनी एक्ट के तहत कम्पनी /सरकारी उपक्रम) | |
| | घ) पंजीकरण संख्या एवं पंजीकरण का वर्ष (दस्तावेजी प्रमाण सहित) | |
| | ड) संगठन का नाम जिसके साथ एजेंसी पंजीकृत है | |
| | च) मालिक/साझेदार/निदेशक का नाम | |

(फर्म को वर्तमान अवधि के लिए या तो मूल निर्माता अथवा उनका प्राधिकृत डीलर होना चाहिए (मालिकाना प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए)

| 2. | पिछला अनुभव (अधिमानत: पिछले तीन वर्षों के लिए)- समरूप दर संविदा की उपलब्धता | | |
|---|---|---|---|
| क्र.स. | वर्ष | संगठन का नाम | निष्पादित कार्य का विवरण (प्रमाण सहित) ** |
| 1 | 2013 | | |
| 2 | 2014 | | |
| 3 | 2015 | | |

**** संस्थान का नाम और सहायक दस्तावेजों सहित फर्नीचर की आपूर्ति करने के अनुभव की कुल अवधि**

2.1 किसी संगठन से प्राप्त अवार्ड/मेरिट प्रमाण पत्र का विवरण (कृपया प्रमाण पत्र(पत्रों) की प्रति संलग्न करें) ........................................................................................................

2.2 क्या फर्म सभी प्रकार के फर्नीचर उपलब्ध कराने की क्षमता है ..................................

3. फर्म के ग्राहक (प्रमाण संलग्न करें) :

(क) सरकारी विभाग/मंत्रालय हां/नहीं..................................

(ख) एम.एन.सी हां/नहीं ....................................

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम हां/नहीं ..................................

(घ) प्राइवेट सेक्टर हां/नहीं ................................

नोट : कृपया ऊपर श्रेणीकरण अनुसार ग्राहकों की सूची संलग्न करें जिसमें कितने समय के लिए क्या सेवाएं प्रदान की गई तथा टेलिफोन न. सहित सम्पर्क व्यक्ति के नाम का उल्लेख हो

4. अवसंरचनात्मक विवरण:

(क) भौतिक पूंजी: ..............................................................................

(ख) वित्तीय:

i. वार्षिक टर्न ओवर (पिछले तीन वित्तीय वर्ष के दौरान)

2012-13 रु0 ...............................................................

2013-14 रु0 ...............................................................

2014-15 रु0 ...............................................................

(ग) कर्मचारियों की व्यक्तिगत संख्या

तकनीकी : ................................................

गैर-तकनीकी : .................................................

5. बिक्री कर सं. : ..........................................................................................

(फर्म बिक्री कर/वेट/उत्पाद शुल्क/आईटी प्राधिकारियों के साथ पंजीकृत होनी चाहिए)

6. पैन/टिन नं. ..........................................................................................

7. गुण्वत्ता प्रमाण पत्र सं. (यदि कोई हो)................................................................

निविदा की निबंधन एवं शर्तें मुझे/हमें स्वीकार्य हैं।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

(पूरा नाम एवं पदनाम सहित)

मोहर:.......................................

मोबाइल नं0: ..................................

फोन नं0:......................................